**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर।**

| प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|
| 8.(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि आवास विकास परिषद की सिकन्दरा योजना आगरा के सेक्टर-09 के भूखण्डों के आवंटन के सम्बन्ध में पारित आदेश सं0-496स0प्र0 एवं लखनऊ पीठ में योजित रिट याचिका सं0- 8403 (एम0बी0)/2021 दिनांक 26.03.2021 का अनुपालन कराते हुए निरस्त किये गये भूखण्डों को पुन: भूस्वामियों के नाम से आवंटित कराने के सम्बन्ध में था? | मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-8403(एम0बी0)/2021 फोर वाल्स प्रमोटर्स प्रा0लि0 बनाम उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 26.03.2021 को पारित आदेश में याचीगण को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए प्रकरण का निस्तारण किये जाने का आदेश दिया गया है। |
| (ख) | यदि हाँ, तो मा0 न्यायालय के आदेश पर संबंधित व्यक्तियों को आवंटित किये गये भूखण्डों के आदेश की प्रति सदन की मेज पर रखेंगे? | मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 26.03.2021 के अनुपालन में याचीगण को दिनांक 29.06.2021, 14.07.2021 व 23.11.2022 को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया तथा सम्यक विचारोपरान्त परिषद के कार्यालय आदेश दिनांक 30.12.2022 द्वारा प्रकरण निस्तारित किया जा चुका है। |
| (ग) | यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | मा0 उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कब तक कार्यवाही कराते हुए उक्त भूखण्डों को पुन: बहाल करते हुए संबंधित व्यक्तियों को आवंटित करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड.) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्य मंत्री।**